P372

आरएनआई – एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, गुरुवार 09 अप्रैल 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 139
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत




राष्ट्रपिता को नमन...

## हिदुस्तान में रहना है तो वंदे मातरम कहना होगा

### अक्षय की बात अपनों के साथ



आज के भारत में 'वंदे मातरम' सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि एक भाव है– मातृभूमि के प्रति समर्पण, सम्मान और आत्मगौरव का प्रतीक। लेकिन विडंबना देखिए, जिस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाखों लोगों के दिलों में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित की, वही आज राजनीतिक और धार्मिक बहस का विषय बनता जा रहा है। इंदौर नगर निगम में वंदे मातरम को लेकर एक बार फिर हंगामा खड़ा हो गया। एक मुस्लिम पार्षद द्वारा इसे गाने से इनकार और उनकी इस टिप्पणी ने पूरे विवाद को नया मोड़ दिया। उन्होंने कहा कि वंदे शब्द से मुस्लिम समुदाय को आपत्ति है और हम केवल इस्लाम की इबादत करते हैं, लेकिन असली सवाल यह है कि आखिर वंदे मातरम हर कुछ समय में विवाद का विषय क्यों बन जाता है? जब कोई जनप्रतिनिधि पद की शपथ लेता है, तो वह केवल एक राजनीतिक जिम्मेदारी नहीं स्वीकार करता, बल्कि वह देश के संविधान के प्रति अपनी निष्ठा भी सार्वजनिक रूप से व्यक्त करता है। ऐसे में जब किसी मुस्लिम जनप्रतिनिधि द्वारा 'वंदे मातरम' गाने पर आपत्ति जताई जाती है, तो यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या यह संविधान के प्रति लिए गए संकल्प से विचलन है, या फिर यह व्यक्तिगत आस्था और संवैधानिक अधिकारों के बीच टकराव का मामला है? सवाल सीधा है– क्या अपने ही देश में 'वंदे मातरम' कहना कोई मजबूरी होनी चाहिए या यह अपने आप उमड़ने वाला गर्व होना चाहिए? असल विवाद 'वंदे मातरम' में नहीं, बल्कि उस सोच में है जो हर राष्ट्रीय प्रतीक को धर्म और राजनीति के चश्मे से देखने लगती है। जब राष्ट्र पहले और बाकी पहचान बाद में होनी चाहिए, तब यह बहस अपने आप समाप्त हो जाती है। देश केवल जमीन का टुकड़ा नहीं होता, यह भावनाओं, इतिहास और बलिदानों का संगम होता है। 'वंदे मातरम' उसी संगम की आवाज है।



### अंदर के पन्नों पर...

**शराब दुकान का जबर्दस्त विरोध**



पेज-2

**लीजा को आफरीन-आफरीन गाने से मिली थी पहचान**




पेज-5

**पैकेजिंग लागत में अचानक वृद्धि**



पेज-6


# भाजपा का साफ संदेश : पार्टी पदों पर होंगे नए चेहरे



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • भाजपा में 2023 विधानसभा चुनाव के बाद स्पष्ट पीढ़ी परिवर्तन देखने को मिल रहा है, जिसके तहत वरिष्ठ नेताओं के स्थान पर युवा और तीसरी पीढ़ी के नेताओं को कमान सौंपी जा रही है। मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. मोहन यादव का चयन इस बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण है। पार्टी पुरानी पीढ़ी को हटाकर नए चेहरों के साथ मिशन 2028 और 2029 की तैयारी कर रही है। पीढ़ी परिवर्तन भाजपा की एक सोची–समझी रणनीति है, जिसका उद्देश्य पार्टी को युवा बनाना और नए नेतृत्व को तैयार करना है। इसी रणनीति के तहत हेमंत खंडेलवाल जैसे ऊर्जावान नेताओं को प्रमुख सांगठनिक जिम्मेदारियां दी गई हैं। हितानंद शर्मा जैसे संगठन महामंत्री की संघ में वापसी और नए पदाधिकारियों की नियुक्ति के साथ संगठन में 50 प्रतिशत से ज्यादा नए चेहरे सामने आए हैं। वहीं प्रदेश भाजपा के अनुषांगिक संगठनों की जो टीमें घोषित की गई हैं, उनमें 90 प्रतिशत पदों पर नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मप्र में भाजपा पीढ़ी परिवर्तन के दौर में है। यही वजह है कि पार्टी के संगठनात्मक नियुक्तियों में नए चेहरों की जगह मिल रही है। सरकारी पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों में भी नए कार्यकर्ताओं को महत्व दिए जाने की कवायद की जा रही है। मप्र में आने वाले कुछ वर्षों में भाजपा की कमान पूरी तरह से नए और युवा हाथों में होगी। इसके संकेत मिलने लगे हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा से लेकर महिला मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा और अनुसूचित जाति मोर्चा में ऐसे युवाओं को दायित्व सौंपे गए हैं, जो फिलहाल संगठन की मुख्य धारा से दूर नजर आते थे। दरअसल प्रदेश भाजपा के अनुषांगिक संगठनों की जो टीमें घोषित की गई हैं, उनमें 90 प्रतिशत पदों पर नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जानकारों का कहना है कि यह पूरी कवायद पीढ़ी परिवर्तन के तौर पर देखी जा रही है।

### संघ की रणनीति के तहत युवाओं पर फोकस

जानकारों का कहना है कि भाजपा संगठन में युवाओं को अधिक महत्व देना संघ की रणनीति का हिस्सा है। दरअसल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ युवाओं को अपनी विचारधारा से जोडने के लिए काफी समय से सक्रिय है। अब यही काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा जिलों के प्रवास के दौरान युवाओं से सीधा संवाद किया जाता है, तो उनके कार्यकर्ता घर–घर जाकर युवाओं को भाजपा की विचारधारा से अवगत करा रहे है। राज्य सरकार भी अपनी योजनाओं के जरिए युवाओं को तमाम सुविधाए देकर उन्हें जहां रोजगार युक्त बना रही है, तो वहीं ये संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि देश के युवाओं को भाजपा की सरकार आगे बढ़ा रही है। भाजपा से जुड़े सूत्रों की मानें संघ ने शताब्दी वर्ष के दौरान अपने संकल्पों में युवाओं को आगे बढ़ाने की बात कही है। हरियाणा में संघ की प्रतिनिधि सभा की बैठक में इस विषय पर चर्चा भी की गई है। पिछले दिनों भोपाल के शारदा विहार परिसर में संघ और भाजपा संगठन की समन्वय बैठक में भी इस विषय पर मंथन किया गया है। इसमें भाजपा ने संघ की मंशानुरूप संगठन में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा प्रतिनिधित्व दिए जाने की बात कही थी।

### राजनीतिक नियुक्तियों में भी दिखेंगे नए चेहरे

*भाजपा जिस तरह अपने मोर्चों में अधिक से अधिक नए चेहरों को शामिल कर रही है, उससे संभावना जताई जा रही है कि प्रदेश में होने वाली राजनीति नियुक्तियों में भी युवाओं को महत्व मिलेगा। जानकारों की मानें तो प्रदेश सरकार जब भी निगम–मंडलों के पदों पर नियुक्तियों की घोषणा करेगी, तब अधिकांश पदों पर ऐसे कार्यकर्ता दिखाई देंगे, जो पहली बार इन पदों पर बैठेंगे। दो बार इन पदो पर रह चुके कार्यकर्ताओं को किसी भी स्थिति में मौका नहीं मिलेगा। कहा जा रहा है कि भाजपा संगठन ऐसा रणनीति के तहत कर रही है। इन पदों पर बैठाकर पार्टी अपना नया नेतृत्व तैयार करेगी, जिससे भविष्य में उन्हें बड़े चुनावों में मैदान में उतारा जा सके। जल्द ही दूसरी नियुक्तियां भी की जाएगी, जिनमें नए कार्यकर्ताओं को मौका मिलेगा।*

## अनुमति व टेंडर में उलझा टर्मिनल जल्दबाजी में कर दिया उद्घाटन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • करोड़ों की लागत से तैयार किया गया टर्मिनल–1 अब तक शुरू नहीं हो सका है। लगभग दस दिन पहले धूमधाम से इसका उद्घाटन किया गया था, लेकिन जरूरी अनुमति नहीं आने के कारण यह परेशानी आ रही है। इसके अलावा जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं अधूरी होने के कारण भी संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है।

देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का शुभारंभ 30 मार्च को बड़े उत्साह के साथ किया गया था, लेकिन उद्घाटन के बाद भी यह यात्रियों के लिए नहीं खुल पाया है। करीब आठ से नौ दिन बीत जाने के बावजूद टर्मिनल खाली पड़ा है, जिससे यात्रियों और प्रबंधन दोनों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार, टर्मिनल शुरू न होने के पीछे कई वजहें सामने आ रही हैं।






एक ओर जहां आवश्यक अनुमतियां अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं, वहीं सफाई व्यवस्था के लिए टेंडर प्रक्रिया भी लंबित बताई जा रही है। इसके साथ ही सुरक्षा से जुड़ी औपचारिकताओं में देरी भी एक बड़ा कारण है। करीब 50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस टर्मिनल को पूरी तैयारी से पहले ही उद्घाटित कर दिया गया। दरअसल, संचालन शुरू करने के लिए ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्युरिटी की अंतिम मंजूरी जरूरी होती है, जो अब तक नहीं मिल पाई है। बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब जरूरी अनुमतियां और व्यवस्थाएं अधूरी थीं, तब जल्दबाजी में उद्घाटन क्यों किया गया। यात्रियों का कहना है कि यदि टर्मिनल चालू ही नहीं होना था, तो उद्घाटन का कोई औचित्य नहीं था। फिलहाल एयरपोर्ट प्रबंधन भी यह स्पष्ट नहीं कर पा रहा है कि नया टर्मिनल कब तक शुरू हो पाएगा। इससे यात्रियों को असुविधा हो रही है और नए टर्मिनल के उपयोग को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

## 'अल्लाह' वाले विवादित प्रश्न पर पेपरसेटर को किया ब्लैकलिस्ट

### छात्रों को मिलेगा एक-एक अंक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने बीकॉम और बीसीए की परीक्षा में पूछे गए विवादित 'अल्लाह के सिवा दूसरा कोई नहीं' सवाल पर तत्काल कार्रवाई की है। बता दें कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रश्नपत्र सेट करने वाले को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। बीकॉम और बीसीए तृतीय वर्ष की फाउंडेशन पेपर परीक्षा में पूछे गए एक विवादित प्रश्न को लेकर सख्त कार्रवाई की है। दरअसल विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रश्नपत्र तैयार करने वाले पेपरसेटर को ब्लैकलिस्ट कर दिया है और सभी विद्यार्थियों को विवादित प्रश्न के बदले एक–एक अंक देने का फैसला किया है। जांच में सामने आया कि यह प्रश्न विश्वविद्यालय के निर्धारित पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं था।





## कैबिनेट में फिर गैरमौजूद 'कैलाश'

### सिंहस्थ की बैठक में नजर आए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश की सियासत में इन दिनों एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। प्रदेश के वरिष्ठ बीजेपी नेता और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की नाराजगी को लेकर चर्चाएं गर्म हैं। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक के बाद सामने आए घटनाक्रम ने इन अटकलों को और हवा दे दी। कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए गए, लेकिन बैठक के बाद आयोजित ब्रीफिंग से मंत्री विजयवर्गीय ने दूरी बनाए रखी। इस दौरान कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी प्रदेश के एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार कश्यप ने दी। इसके अलावा बैठक के बाद जारी की गई मंत्रियों की तस्वीर में भी कैलाश विजयवर्गीय नजर नहीं आए, जिससे उनकी अनुपस्थिति को लेकर सवाल खड़े हो गए। अहम कैबिनेट बैठक में उनकी गैरमौजूदगी को किसी न किसी स्तर पर मतभेद से जोड़कर देखा जा रहा है।

## एसआई ने कहा- मैंने रुपए नहीं मांगे

### ड्रायवर नशे का आदी था

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के राजेंद्र नगर थाने के सब इंस्पेक्टर (एसआई) मनोहर लाल को डीसीपी ने सस्पेंड कर दिया है। एक युवक ने सुसाइड से पहले वीडियो बनाकर उन पर एक्सीडेंट के बाद 50 हजार रुपए मांगने और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए थे। अब इस मामले में एसआई मनोहर लाल ने खुद पर लगे आरोपों पर सफाई दी है। उनका कहना है कि मेरी कोई गलती नहीं है। घटना के समय मैं नाइट ड्यूटी पर था। मौके पर एडिशनल डीसीपी और टीआई भी मौजूद थे। घटना के बाद अभिषेक पाटिल मामले में समझौता कराने की बात कर रहा था। मैंने इससे इनकार कर दिया और उसे सीधे शिकायतकर्ता से बात करने के लिए कहा था। अभिषेक पाटिल पर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह अपने भाई सुधीर के साथ लूट के मामले में द्वारकापुरी पुलिस द्वारा पहले भी पकड़ा जा चुका है।

## अब नहीं चलेगी आईडी की धौंस

### फास्टैग पर केवल केश चलेगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • टोल प्लाजा पर नकद भुगतान की सुविधा 10 अप्रैल से खत्म हो जाएगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने गजट नोटिफिकेशन जारी कर टोल नियमों में बदलाव कर दिया है। यानी 10 अप्रैल के बाद से हर टोल ट्रांजेक्शन सिर्फ डिजिटल तरीके से ही होगा। अगर किसी गाड़ी में फास्टैग नहीं लगा या काम नहीं कर रहा या ब्लैक लिस्ट है और ड्राइवर यूपीआई टोल भुगतान करने से मना करता है, तो टोल कर्मचारी उसे आगे जाने से रोक सकते हैं। ऐसे मामले में वाहन मालिक को ई–नोटिस भी भेजा जा सकता है। अगर बकाया राशि तीन दिन तक जमा नहीं की जाती, तो टोल की रकम दोगुनी हो सकती है। अगर किसी गाड़ी पर फास्टैग नहीं है या एक्टिवेट नहीं है तो यूपीआई से पेमेंट करने की सुविधा मिलेगी। लेकिन यूपीआई से पेमेंट करने पर सामान्य टोल फीस से 25 फीसदी से ज्यादा पैसा देना होगा।

### वंदे मातरम विवाद में साथ नहीं देने पर बोली पार्षद रूबीना इकबाल-

# भाड़ में जाए कांग्रेस पार्टी, मुसलमानों को हलवा समझती है

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर नगर निगम में हुए वंदे मातरम विवाद ने तूल पकड़ लिया है। पार्षद रूबीना इकबाल ने अपनी ही पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा– मुसलमानों को केवल वोट के लिए देखा जाता है... भाड़ में जाए कांग्रेस पार्टी। वंदे मातरम विवाद में कांग्रेस द्वारा ही साथ नहीं देने पर पार्टी के पार्षद दो गुट में बंट गए। पार्षद रूबीना इकबाल ने कांग्रेस पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा मुसलमान केवल वोट के लिए हैं। वहीं नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा– हिंदुस्तान के हर व्यक्ति के रग–रग में वंदे मातरम और राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान समाहित है।

इंदौर नगर निगम का बजट हंगामे के बीच पास हुआ। पहले सिंधिया को गद्दार कहने पर विवाद हुआ। वंदे मातरम को लेकर भी विवाद सामने आया। कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम ने वंदे मातरम बोलने से इनकार किया। इसके बाद सभापति मुन्नालाल यादव ने उन्हें सदन से बाहर कर दिया। वहीं, उन्हीं की पार्टी कांग्रेस इस मुद्दे पर उनके साथ नहीं आई। इस पर रूबीना इकबाल खान ने तीखा बयान दिया। नगर निगम के बजट सत्र में वंदे मातरम को लेकर विवाद बढ़ गया। इस पर नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे शांत नजर आए। लेकिन उन्होंने विवाद से दूरी बनाए रखी। उन्होंने कांग्रेस को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा किसी के बाप में दम नहीं कि दादागरी करके वंदे मातरम बुलवा सके।

### इसलिए नहीं बोला वंदे मातरम



रूबीना ने कहा– हमारे इस्लाम में एक अल्लाह है। हम केवल अल्लाह की इबादत करते हैं। हम मां की भी इबादत नहीं करते, इसलिए वंदे मातरम नहीं बोल सकते। रूबीना ने कहा कि कांग्रेस को मुसलमान केवल वोट के लिए याद आते हैं और हलवा लगते हैं। रूबीना ने कहा– हम ओवैसी की पार्टी में जा सकते हैं। कांग्रेस से कोई अनुबंध नहीं है कि जिंदगीभर हम उनके साथ रहेंगे। उन्होंने कहा हम निर्दलीय भी चुनाव जीत सकते हैं।

### चिंटू बोले- वंदे मातरम हमारी रगो में

इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने इस पूरे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा– 'भारत माता की जय, वंदे मातरम जिंदाबाद और हमारा राष्ट्रगान जिंदाबाद। हिंदुस्तान के हर व्यक्ति की रग–रग में वंदे मातरम समाहित है।' उन्होंने कहा कि यह गीत उन वीर शहीदों की याद दिलाता है, जिन्होंने इसे गाते हुए देश को आजादी दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने (फौजिया) वंदे मातरम नहीं गाया तो यह उनकी व्यक्तिगत राय है। कांग्रेस पार्टी की रग–रग में वंदे मातरम है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी इस विवाद पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि राष्ट्रीय गीत का सम्मान करना हर नागरिक का नैतिक दायित्व है।

## कांग्रेस मुस्लिम लीग बन गई है–मिश्रा

*भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने नगर निगम के बजट चर्चा के दौरान कांग्रेस नेत्री फौजिया शेख द्वारा देश के राष्ट्रगीत वंदे मातरम के दौरान सदन छोड़कर जाने पर इसे राष्ट्रगीत का अपमान बताते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्र भक्ति के गीत का, राष्ट्र की आराधना का, राष्ट्र की वंदना के गीत का अपमान कर देश की 140 करोड़ जनता का अपमान किया है। नगर अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में वंदे मातरम गीत महात्मा गांधी सहित सुभाषचंद्र बोस, इसी गीत को भगतसिंह, सुखदेव राजगुरु गाते थे, इसी गीत को गाते गाते अशफ़ाक उल्ला खान हंसते हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए, इसी वंदे मातरम गीत को गाकर अब्दुल कलाम आजाद स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेते थे। इसी गीत को गाकर अब्दुल हमीद ने भारतीय सेना के टैंकों पर चढ़कर पाकिस्तानी टैंक पर बारूद बनकर कहर बरपाया था। लेकिन कांग्रेस की इसी तुष्टीकरण की नीति के चलते देश का विभाजन हुआ। वंदे मातरम का सबसे पहला विरोध मोहम्मद अली जिन्ना ने किया था। तब से लेकर आज तक कांग्रेस लगातार इसका विरोध करती आ रही है। कॉंग्रेस अब मुस्लिम लीग बन गई है। देश विरोधी वंदे मातरम गाने से इंकार करते है। देशभक्त लोग राष्ट्र भक्ति के इस गीत को गाते है। कांग्रेस स्थिति स्पष्ट करे, कि वह लव जिहाद में पकड़े गए पार्षद का समर्थन करती है, कि वह राष्ट्रगीत का अपमान करने वाली पूर्व नेता प्रतिपक्ष और पार्षद फौजिया शेख का समर्थन करती है, यदि कांग्रेस वंदे मातरम का सम्मान करती है, तो दोनों पार्षदों को कांग्रेस की सदस्यता से निष्कासित करके बताएं। यदि निष्कासित नहीं करती है इसका मतलब कांग्रेस मुस्लिम लीग के रास्ते पर चल रही है।*

न्यूज ब्रीफ

## मुक्ता जैन दिगंबर जैन महिला परिषद अंजना संभाग की अध्यक्ष बनी



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● धर्म समाज संस्कृति और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रीय महिलाओं की राष्ट्रीय संस्था अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद अंजना संभाग इंदौर की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन बनी। जाल सभागृह में परिषद की केंद्रीय अध्यक्ष श्रीमती निर्मला जैन के मुख्य अतिथि में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में परिषद की प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती माधवी शाह ने मुक्ता राजेश जैन दद्दू को पद की शपथ दिलाई एवं निवृतमान संभाग अध्यक्ष अनीता जैन ने करतल ध्वनि के बीच मुक्ता जैन को अध्यक्षीय पिन लगा कर पदभार सोंपा। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में परिषद की केंद्रीय सचिव श्रीमती प्रभा जैन एवं केंद्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती सरला सामरिया भी उपस्थित थी।

## बदला मौसम : दिनभर बादल छाने से तापमान में गिरावट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। ऊपरी वायुमंडल में सक्रिय सिस्टम के असर से बुधवार को भी दिनभर धूलभरी आंधी चलती रही और आसमान में बादल छाए रहे। कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी के साथ देर रात बौछारें भी दर्ज की गईं। सुबह से ठंडी हवाएं चलने और बादलों की मौजूदगी के कारण तापमान में गिरावट महसूस की जा रही है। बुधवार को अधिकतम तामपान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6 डिग्री कम है। अप्रैल में पहली बार तापमान इतना कम दर्ज हुआ है, जिससे लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली है। हालांकि मौसम में लगातार बदलाव बना हुआ है।

## भगवान विष्णु ने ध्रुव को वरदान दिया वे अमर होकर 'ध्रुव तारे' के रूप में आकाश में अटल बने

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● ध्रुव चरित्र राजा उत्तान पाद और सुनीति के पुत्र ध्रुव की अटूट भक्ति की कथा है। 5 वर्ष की उम्र में सौतेली माँ सुरुचि के अपमान से दुखी होकर भगवान



विष्णु की तपस्या करने वन गए। नारद मुनि से दीक्षा लेकर उन्होंने कठोर तप किया और विष्णु जी को प्रसन्न कर, अटल राज्य और बाद में अचल 'ध्रुव तारे' का पद प्राप्त किया। आज व्यास पीठ का पूजन मुख्य यजमान नंद किशोर पिपलावा , पुष्पा खंडेलवाल शीतल मिश्रा ,राधेश्याम शर्मा गुरुजी, ललित अग्रवाल,आर पारासर टी आई, विकास बिरथरे, आशीष उपाध्याय, राजेंद्र शर्मा, विजय पांडेय, दिवाकर बिरथरे, नरेश अग्रवाल, ओम प्रकाश भाया ने किया। पुत्री का प्रेम परिवार में सबसे ज्यादा होता है।

### गुस्सा फूट पड़ा : एनटीसी की जमीन पर शराब दुकान का जबर्दस्त विरोध

# रहवासियों ने किया चक्काजाम, रोड पर बनाया नाश्ता और भजन भी गाए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मालवा मिल क्षेत्र में एनटीसी की जमीन पर नई शराब दुकान खुल गई। इसके खिलाफ बुधवार को स्थानीय रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतर आए और सुबह साढ़े 7 बजे से देर रात तक विरोध प्रदर्शन जारी रखा। प्रदर्शन के दौरान जहां चक्काजाम किया, वहीं लोगों ने सड़क पर ही चूल्हा जलाकर पोहा बनाया और वहीं बैठकर खाया, जिससे उनका विरोध और भी प्रतीकात्मक बन गया। रात को रहवासियों ने भजन-कीर्तन भी किया। वहीं देर रात हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। स्थानीय रहवासी विकास सतभैया (जैन) का कहना है कि यह इलाका पूरी तरह



रिहायशी है और यहां शराब दुकान खुलने से माहौल खराब होगा। बच्चों और महिलाओं पर इसका नकारात्मक असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। रहवासी कुसुम नायक ने कहा- 'यह पारिवारिक इलाका है। यहां से स्कूल के बच्चे गुजरते हैं। शराब दुकान खुलने से माहौल बिगड़ेगा और रहना मुश्किल हो जाएगा।'

'पहले से हैं कई दुकानें, अब एक और क्यों ?' प्रदर्शन कर रहे लोगों के मुताबिक... यह शराब दुकान किसी अन्य इलाके से यहां शिफ्ट की जा रही है। रहवासियों का कहना है कि 600 मीटर के दायरे में पहले से ही दुकानें मौजूद हैं। रहवासियों ने सवाल उठाया कि इतनी कम दूरी पर दुकानों की अनुमति क्यों दी जा रही है?

**पहले भी हो चुका है विरोध :** स्थानीय लोगों ने बताया कि साल-2022 में भी इसी तरह का विरोध हुआ था, जिसके बाद मामला शांत हो गया था। अब दोबारा दुकान खोलने की तैयारी से लोगों में नाराजगी और बढ़ गई है।

**जनप्रतिनिधि भी पहुंचे, समर्थन का भरोसा :** विरोध के बीच विधायक महेन्द्र हार्डिया, क्षेत्रीय पार्षद और एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया भी अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने रहवासियों से बातचीत की और उनकी मांगों का समर्थन करते नजर आए।

### सरकारी जमीन पर कैसे हुआ आवंटन

सूत्रों ने बताया कि यह दुकान हेमू उर्फ हेमेन्द्रसिह चौहान को 24.20 करोड़ रुपए में दी है। जिस जगह दुकान लगाई गई है, वह केन्द्र सरकार के अधीन है। प्रदर्शनकारियों से की बात दुकान शिफ्ट करने के लिए जगह ढूंढ़ रहे हैं। केन्द्र की जमीन पर किसी प्रकार की दुकान नहीं लग सकती, फिर विभाग ने कैसे आवंटित कर दी ? नहीं लगने दूंगा दुकान : विधायक ने तत्काल कलेक्टर शिवम वर्मा और सहायक आयुक्त अभिषेक तिवारी से मोबाइल पर बात की। विधायक ने दोनों को दो टूक शब्दों में कहा कि यहां किसी भी स्थिति में दुकान नहीं लगने दूंगा। जरूरत पड़ी तो सीएम से भी बात की जाएगी।

**प्रशासन सतर्क, तीन थानों का पुलिस बल किया तैनात :** उधर स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने इलाके में तुकोगंज, एमआईजी और परदेशीपुरा पुलिस बल तैनात कर दिया है। पुलिस लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। प्रदर्शनकारी कर रहे थे टेंट लगाने की कोशिश: प्रदर्शनकारी लोग लंबे आंदोलन की तैयारी में टेंट लगाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन परदेशीपुरा एसपी हिमानी मिश्रा ने इसे रुकवा दिया। इसके बाद रहवासी सडक से हटकर दुकान के सामने बैठ गए। रहवासियों ने साफ कर दिया है कि जब तक शराब दुकान का स्थान बदला नहीं जाता, उनका विरोध जारी रहेगा।

# जीवन उपयोगी वस्तुओं के साथ ही शैक्षणिक संस्थानों की बढ़ गई फीस

### कॉलेज नया सत्र शुरु होने से पहले फीस बढ़ाने की

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● महंगाई का यह दौर कहां जाकर थमेगा इसका अंदाजा लगाना मुश्किल हैं। जीवन उपयोगी वस्तुओं के साथ ही उच्च शैक्षणिक संस्थानों ने भी फीस वृद्धि करने की तैयारी कर ली हैं। पहले दूध की कीमतों में वृद्धि, फल-सब्जियों की बढ़ती कीमतें, घरेलू गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोत्तरी के साथ ही साथ अब डेयरी प्रोडक्ट भी महंगे हो गए हैं। महंगाई के दौर में अब शिक्षा से जुड़ी स्कूल कॉलेज फीस, किताबें, परिवहन व्यय आदि सभी पर पैरेंट्स को पहले की तुलना में अधिक खर्च करना पड़ रहा हैं।

**दस प्रतिशत तक महंगी हो सकती हैं कॉलेज की पढ़ाई :** शहर के कॉलेज की पढ़ाई नए शैक्षणिक सत्र से महंगी होने वाली हैं। खर्च बढने से फीस में आठ से दस प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है। अनुमान है कि 8 से 10 प्रतिशत तक कॉलेज की पढ़ाई महंगी हो सकती हैं।

**स्कूलों ने बढ़ाई फीस :** शहर के स्कूलों ने भी फीस में करीब 10 प्रतिशत तक की वृद्धि की हैं। किताबों में भी तीसरी क्लास तक का सेट 3 से 4 हजार रुपए तक आ रहा है। इसमें कुछ किताबें एनसीईआरटी की हैं तो कुछ किताबें निजी प्रकाशक की। स्कूल फीस वृद्धि का असर भी पैरेंट्स पर नजर आने लगा हैं।

बढ़ गए दूध के भाव : खुले दूध के दाम 2 से 4 रुपए प्रति लीटर बढ़ गए हैं। दूध के दाम बढने से आम आदमी की जेब पर बड़ा असर पड़ा हैं। दूध के दाम बढने के बाद अब मिल्क प्रोडक्ट भी धीरे-धीरे महंगे होने लगे हैं। महंगाई और दूध के दामों में बढ़ोत्तरी का असर अब गर्मी में राहत देने वाली लस्सी के गिलास पर दिखने लगा हैं। 25-30 रुपए में मिलने वाला लस्सी का गिलास अब 35-40 रुपए का हो गया हैं। छाछ, श्रीखंड, चक्का और अन्य डेयरी प्रोडक्ट भी 10 से 25 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। इसके अलावा ठंडाई, मीठा दूध, रबड़ी सहित अन्य प्रोडक्ट के दाम भी 15 से 25 फीसदी तक बढ़ गए हैं।

**ऑटो सेक्टर पर भी उत्पादों की बढ़ी कीमतों का असर :** ईरान-इजरायल युद्ध का असर रसोई में भी नजर आने लगा हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव से भारत में लागत बढ़ रही है, जिससे कंपनियों ने अपने उत्पादों की कीमतें बढ़ा दी हैं। विशेषज्ञों का कहना हैं कि आने वाले समय में मांग पर असर पड़ सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में कई बड़ी कंपनियों ने कीमतें बढ़ाई हैं। युद्ध का असर केवल इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर पर नहीं बल्कि ऑटो सेक्टर पर भी देखने को मिल रहा है।

### स्थिर बने हुए हैं सब्जियों के दाम

गर्मी के बढ़ते तेवर के बावजूद सब्जियों के दाम स्थिर बने हुए हैं, कारण है आयात-निर्यात। आलू और प्याज ने सब्जियों की बढ़ी हुई कीमतों पर कुछ राहत दी हैं। इन दिनों आलू और प्याज 10 से 20 रुपए किलो मिल रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार आलू-प्याज और लहसुन का कारोबार सुस्ती की चपेट में है। चोइथराम थोक मंडी में आलू-प्याज और लहसुन के दाम कम हैं। प्याज में बाहरी मांग सिमट गई है। ऐसे में सिर्फ स्थानीय बाजार और मांग से प्याज के दामों में तेजी या मजबूती की उम्मीद करना मुश्किल है।

## तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में कल होगा मान स्तंभ का महामस्तकाभिषेक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● तीर्थ स्वरूप दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में निर्मित 45 फुट ऊतुंग सुदर्शनीय मानस्तभ में विराजित चतुर्मुखी 12 प्रभु प्रतिमाओं का परम पूज्य आचार्य द्वय विद्या-समय सागरजी महाराज के आशीर्वाद से एवं पूज्य मुनि द्वय श्री विमल सागर जी सागर जी एवं पूज्य मुनि श्री अनंत सागर जी महाराज के पावन सानिध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी विनय भैया बंडा कें निर्देशन में स्वर्ण रजत कलशों से प्रात: 9 बजे महामस्तकाभिषेक होगा।

यह जानकारी ट्रस्ट के महामंत्री विपुल बांझल ने देते हुए बताया कि पिछले वर्ष मान स्तंभ प्रतिष्ठा महोत्सव के उपरांत प्रथम बार भव्याति भव्य महा मस्तकाभिषेक होने जा रहा है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि श्वेत मार्बल से निर्मित मान स्तंभ का निर्माण छत्रपति नगर निवासी देवरीवाला परिवार के पितृ पुरुष स्वर्गीय श्री कपूरचंदजी जैन के उदार हृदय



पुत्र स्वर्गीय रमेशचंद्र जैन, राजेंद्र जैन, एवं वीरेंद्र जैन, भूपेंद्र जैन व जितेंद्र जैन देवरीवाला परिवार के द्वारा अपनी मां कंचन बाई (समाधिस्थ आर्यिका समाधिश्री माताजी)की स्मृति में पूज्य मुनि श्री गुप्ती सागर जी महाराज की प्रेरणा से निर्मित किया गया है।

ट्रस्ट के कार्याध्यक्ष डॉ जैनेंद्र जैन कोषाध्यक्ष रमेश जैन, ट्रस्टी कमल जैन,नीलेश जैन, जिनेश जैन एवं राकेश नायक ने समाज जनों से अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आगृह किया है। आप आए और अपनों को लाएं।



## अभद्र टिप्पणी के विरोध में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन एवं पुतला दहन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति की गई अभद्र एवं अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में आज रीगल चौराहा पर जोरदार विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया। साथ ही संबंधित प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराने हेतु प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर प्रदर्शन का नेतृत्व महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री श्रीमती साक्षी शुक्ला (डागा) ने किया। उनके नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में मुख्य रूप से रोशिनी गौहर, ज़ेबा रउफ़, प्रज्ञा फिलिप्स, नेहा लिम्बोडिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महिला कांग्रेस ने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह न केवल एक वरिष्ठ एवं सम्मानित नेता का अपमान है, बल्कि देश के करोड़ों दलित एवं वंचित वर्ग की भावनाओं को भी आहत करता है। इस प्रकार की भाषा लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संगठन किसी भी प्रकार की असम्मानजनक एवं दलित विरोधी मानसिकता के खिलाफ निरंतर संघर्ष करता रहेगा और जरूरत पड़ने पर आगे भी आंदोलन तेज किया जाएगा।

# गौतमपुरा भाजपा नेताओं की छवि धूमिल करने का प्रयास हुआ असफल

### भाजपा पार्षद और नेताओं ने इस्तीफे को बताया फेक न्यूज़

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**देपालपुर** ● गौतमपुरा में प्रशिक्षण शिविर को लेकर अंदरूनी खींचतान देखने को मिली लेकिन यह भाजपा का अंदर का मामला था। सोशल मीडिया पर भाजपा नेताओं और पार्षदों के इस्तीफे की बात चली लेकिन वह निराधार साबित हुई, जानकारी में भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल राठौर ने बताया कि गौतमपुरा में भाजपा के कार्यकर्ताओं का बड़ा हुजूम है। बड़े परिवार में मनमुटाव टकराव होता रहता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने परिवार से रिश्ता तोड़ लें लेकिन कुछ विरोधी दल के नेताओं ने इस मामले को तूल देने का प्रयास किया और बहती गंगा में हाथ धोने लग गए लेकिन इसका पर्दाफाश उस समय हो गया। जब भाजपा नेता और पार्षद कल विधायक के साथ एक कार्यक्रम में नजर आए जिसके वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए विरोधियों के मुंह में दही जम गया विरोधी अप मुंह छुपाते नजर आए। भाजपा नेता विनोद गुर्जर की छबि धुबिल करने का



प्रयास किया गया गुर्जर वर्तमान में पार्षद है। आने वाले नगर परिषद अध्यक्ष के प्रबल दावेदार हैं साथ ही क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारी भी हैं, जिनका सरिया सीमेंट सैनिटरी का नगर में बड़ा कारोबार है लेकिन उनके कार्य को गलत बताकर उन्हें भी बदनाम करने की कोशिश की गई आने वाले चुनाव में विनोद गुर्जर को रोकने का प्रयास कुछ विरोधी दल के नेता कर रहे लेकिन वह नाकाम साबित हुआ साथ ही सुनील जोशी मनोज पटेल के नेतृत्व में पार्षद रहे अभय भाटी दो बार के पार्षद रहे प्रभु गुर्जर वर्तमान में चंबल गांव से सरपंच है। सभी विधायक मनोज पटेल के कट्टर समर्थन है सभी ने एक साथ कहा हम विधायक के साथ सालों से जुड़े हैं और राजनीति कर रहे हैं दुख सुख में सदैव खड़े रहते हमारा बरसों से पारिवारिक रिश्ता रहा है यह तो गौतमपुरा के कुछ विरोधी दल के नेताओं की सोची समझी साजिश है जो हमें विधायक की नजर में बदनाम करने की कोशिश की गई लेकिन 24 घंटे के अंदर इसका खुलासा हो गया इस विरोध को चिंगारी देने वाले नेता गायब हो गए।




## भीषण गर्मी में पक्षियों की जलसेवा के लिए मिट्टी के सकोरे वितरित कर संकल्प दिलाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● बाल विज्ञान शिशु विहार हायर सेकेण्डरी स्कूल धार रोड पर 8 अप्रैल विश्व बंजारा दिवस पर सेवा दिवस के रूप में विद्यार्थियों को जल बचाओ अभियान की शपथ के साथ भीषण गर्मी में पक्षियों को दाना-पानी के लिए सकोरे वितिरत किये गए। घरों की छतों एवं गैलरी में दाना पानी रखने का संकल्प भी बच्चों ने लिया। इस अवसर स्कूल प्राचार्य ओमप्रकाश सिंगी, मोनिक मालवीय, मोहित पारीख, से.नि. व्याख्याता सुनील चौधरी, एहसान अली, कमल सोनी, पदमा प्रजापत आदि बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उपार्जन केंद्रों पर आज से होगी समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं किसान मोर्चा के नगर महामंत्री अनिल बौरासी ने बताया कि इंदौर जिले के उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर आज से खरीदी प्रारंभ होगी। भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता अन्नदाता का स्वागत करेगें एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए उपार्जन केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे। नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।



## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने निकाली रैली मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश शासन भोपाल लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल का टीईटी परीक्षा सम्बन्धी आदेश निरस्त कर माननीय सर्वोच्च न्यायालय में शिक्षकों का पक्ष रखने एवं अध्यापक संवर्ग से 01-07-2018 को नवीन शैक्षणिक संवर्ग में सम्मिलित शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना होआदि मांगो को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन ए डी एम रोशन राय को सौंपा। ज्ञापन के पूर्व शिक्षकों ने मालव कन्या स्कूल से कलेक्टर कार्यालय तक अभी तक की सबसे ऐतिहासिक रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक दिनेश परमार ने बताया कि मप्र के समस्त अध्यापक शिक्षक संवर्ग संगठनों ने मिलकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा बैनर तले सामुहिक प्रदर्शन को बुधवार को निम्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

## शहर के प्रमुख मंदिरों के पुजारी भी बनेंगे इक्कीस जोड़ों के सामूहिक विवाह के आयोजन में भागीदार



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विश्व ब्राह्मण समाज संघ द्वारा पिछले दो वर्षों में 'घर जैसी शादी' की ख्याति के साथ आयोजित किए जा रहे 21 जोड़ों के सामूहिक विवाह का आयोजन इस बार भी 23 अप्रैल, गुरुवार को अभिजीत मुहूर्त में एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर आयोजित होगा। इस आयोजन में खजराना गणेश मंदिर, रणजीत हनुमान मंदिर सहित शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों के पुजारी, श्रद्धालु, विद्वान और विप्र बंधुओं के साथ अग्रवाल-वैश्य समाजों के लोग मिलकर विवाह की व्यवस्थाओं में भागीदार बनेंगे। इस सामूहिक विवाह में शामिल सभी युगलों को गृहस्थी योग्य आकर्षक उपहार भी दिए जाएंगे। महोत्सव की तैयारियां युद्ध स्तर पर प्रारंभ हो चुकी हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत, प्रमुख सयोजक राजेश बंसल ने बताया कि सामूहिक विवाह का यह तीसरा वर्ष है। सामूहिक विवाह के लिए निर्धारित आवेदन पत्र का लोकार्पण भी किया गया।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, गुरुवार 09 अप्रैल 2026

न्यूज ब्रीफ

## परशुराम जयंती की तैयारियां प्रारंभ

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● भगवान श्री परशुराम जी की जयंती 19 अप्रैल पर जानापाव तीर्थ स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके लिये व्यापक तैयारियां जारी हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज भगवान परशुराम जी की जन्मस्थली जानापाव पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम राकेश परमार, तहसीलदार विवेक सोनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर वर्मा ने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। वर्मा ने मंदिर परिसर, गौशाला और जलाशय का अवलोकन भी किया।

## अग्रवाल परिचय सम्मेलन में मातृशक्ति का सम्मान

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● समाजसेवी स्व. मिश्रीलाल गोयल की स्मृति में श्री अग्रवाल महासभा द्वारा पिछले दिनों गांधी हाल पर आयोजित तीन दिवसीय निशुल्क अ.भा. युवक युवती परिचय सम्मेलन में सहयोग देने वाले बंधुओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें महासभा के समन्वयक संतोष गोयल ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के सहयोग और भागीदारी से ही ऐसे बड़े और समाजहित के आयोजन सार्थक बन पाते हैं। सम्मान से नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। अगला सम्मेलन मार्च 2027 में और अधिक व्यापक स्वरुप में आयोजित होगा। महासभा के अध्यक्ष डॉ. सतीश गोयल, महिला समिति की प्रमुख श्रीमती उर्मिला गोयल एवं पुष्पा गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय परिचय सम्मेलन के दौरान विनोद अग्रवाल (जावरा), राखी मित्तल, आरती अग्रवाल एवं प्रियंका गर्ग सहित अनेक मातृशक्ति ने दिनरात परिश्रम कर अपना योगदान दिया।

## 4 साल के बच्चे समेत 3 लोग घायल, सड़क किनारे तड़पते रहे

दैनिक इंदौर संकेत

**खंडवा** ● जिले के मूंदी-सनावद स्टेट हाईवे पर ग्राम जलवा बुजुर्ग के पास बुधवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया। बाइक फिसलने से तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, हादसे में धर्मेंद्र काजले, संतोष बावने और उनके साथ मौजूद 4 वर्षीय बच्चा राधेश्याम बर्डे घायल हो गए। दुर्घटना के बाद तीनों सड़क किनारे पड़े दर्द से कराह रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे पूर्व मंत्री रघुवीर पटेल ने वाहन रोककर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मूंदी पहुंचाया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, हादसा बाइक के अनियंत्रित होकर फिसलने के कारण हुआ। फिलहाल घायलों का इलाज जारी है।

## राजेन्द्र माथुर को याद किया

हिन्दी पत्रकारिता के अमिट हस्ताक्षर, मालवा के साधारण परिवार में जन्मे व पत्रकारिता जगत में असाधारण प्रतिष्ठा प्राप्त करने वाले युग पुरुष एवं इन्दौर प्रेस क्लब के पहले अध्यक्ष राजेन्द्रजी माथुर (रज्जू बाबू) की 36 वीं पुण्यतिथि पर सक्रिय सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश भार्गव ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया ।

# शराब ठेके 35% कटौती पर ठेकेदारों को मनाने में जुटे अधिकारी

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●प्रदेश में शेष 383 शराब ठेकों के लिए गुरुवार को दोपहर तीन बजे के बाद 16वें राउंड के टेंडर खोले जाएंगे। अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के कारण आबकारी विभाग ने इस बार रिजर्व प्राइस में 35 प्रतिशत तक कटौती कर ठेकेदारों को आकर्षित करने की रणनीति बनाई है। सूत्रों के अनुसार, दो जिला आबकारी अधिकारियों के निलंबन के बाद विभागीय अमला सक्रिय हो गया है। अधिकारी ठेकेदारों को 65 फीसदी आरपी पर टेंडर भरने के लिए राजी करने में जुटे हैं। विभाग को उम्मीद है कि आरपी घटाने से करीब 75% ठेके उठ सकते हैं। विभाग ने 16 वें राउंड में ठेकेदार 65 प्रतिशत आरपी पर टेंडर भरने की अनुमति दी है।



### बची हुई दुकानों से 2 हजार करोड़ मिलने की उम्मीद

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 19,952 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन मौजूदा हालात में लक्ष्य हासिल करना मुश्किल दिख रहा है।अब तक 3,170 दुकानों से करीब 16,800 करोड़ रुपए प्राप्त होना तय है।वहीं, बची हुई 383 दुकानों की आरपी करीब 2000 करोड़ है। इन शेष दुकानों के बिकने के बाद भी कुल राजस्व लगभग 18,800 रुपए करोड़ तक ही पहुंचने का अनुमान है, जो लक्ष्य से करीब 1,000 करोड़ कम रहेगा।

## एमवाय अस्पताल के डॉक्टरों ने दिखाया कमाल: जटिल ऑपरेशन के बाद मासूम बच्चे को दी नयी जिन्दगी

### एक साल के मासूम के गले में फंसी थी 'जिंदा मछली', डॉ. यामिनी गुप्ता और टीम ने किया सफल ऑपरेशन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल महाराजा यशवंतराव अस्पताल के ईएनटी विभाग में एक ऐसा दुर्लभ मामला सामने आया, जिसने अनुभवी डॉक्टरों को भी हैरत में डाल दिया। महज एक साल के एक मासूम बच्चे के गले में फंसी एक जिंदा मछली को डॉक्टरों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। परिजनों ने बताया कि खेल-खेल में एक छोटी जीवित मछली बच्चे के मुंह में चली गई थी, जो सीधे गले के पिछले हिस्से में जाकर अटक गई। जब बच्चे को एमवाय अस्पताल लाया गया, तब उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक थी। वह न तो रो पा रहा था और न ही ठीक से सांस ले पा रहा था। डॉक्टरों के अनुसार बच्चे को सांस लेने में कठिनाई, घबराहट, बेचैनी और मुख से खून आना जैसी समस्या हो रही थी।

डॉक्टरों ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मछली



जीवित थी। मछली के गलफड़ों और पंखों की हलचल से बच्चे के स्वर-यंत्र और भोजन नली के जख्मी होने का पूरा अंदेशा था। केस की गंभीरता को देखते हुए ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. यामिनी गुप्ता ने बिना समय गंवाए आपातकालीन टीम को अलर्ट किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मरीज का ऑपरेशन कक्ष में तुरंत उपचार शुरू किया गया। इस चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू में डॉ. यामिनी गुप्ता, डॉ. वर्षा राठी, डॉ. प्रेम प्रकाश धुर्वे और डॉ. सुरेंद्र पाल अलावा, डॉ मेघा, डॉ पूजा व निश्चेतना विभाग की डॉ. मोनिका गांधी व टीम ने मोर्चा संभाला। डॉक्टरों ने अत्यंत सावधानी और कुशलता के साथ करीब 3 इंच की गोरामी मछली को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया। उपचार प्रक्रिया के बाद बच्चे की सांस सामान्य हो गई और उसकी स्थिति स्थिर हो गई। समय पर किए गए इस उपचार से एक बड़ी अनहोनी टल गई। इस सफल मेडिकल प्रक्रिया ने न केवल बच्चे की जान बचाई, बल्कि एमवाय अस्पताल के विशेषज्ञों के कौशल को एक बार फिर साबित कर दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि छोटे बच्चों में इस प्रकार की घटनाएं बहुत खतरनाक हो सकती हैं, क्योंकि उनकी सांस की नली संकरी होती है और थोड़ी सी भी रुकावट जानलेवा बन सकती है।

## अप्रैल में छाए बादल, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट



**भोपाल (एजेंसी)** ● मध्यप्रदेश में तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय होने से इंदौर सहित 18 जिलों में मौसम बदल गया है। 11 अप्रैल से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने वाला है जिससे प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। मध्यप्रदेश के ऊपरी वायुमंडल में इस समय तीन चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय हैं जिसके प्रभाव से पूरे प्रदेश में आंधी और वर्षा की स्थिति निर्मित हो गई है। बीते मंगलवार को इंदौर के साथ-साथ ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में मौसम के स्वरूप में बड़ा बदलाव देखा गया।

## खेतों के पास और बंजर भूमि पर सौर ऊर्जा से उत्पादन में सतत वृद्धि

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● किसानों की आय बढ़ाने, उन्हें सौर ऊर्जा उत्पादन की ओर प्रोत्साहित करने, ज्यादा बिजली उत्पादन पर सरकार द्वारा बिजली खरीदने के उद्देश्य से पीएम किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना का पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। अब तक 77 स्थानों पर किसानों व जमीन के मालिकों द्वारा प्लांट स्थापित कर 234 मैगावाट क्षमता से सौर ऊर्जा उत्पादन किया जा रहा है। कुसम ए में बंजर व कृषि भूमि पर आधा मैगावाट से लेकर दो मैगावाट तक का प्लांट लगाया जा सकता है। इसी तरह कुसुम सी अंतर्गत मौजूदा ग्रिडों से जुड़े विद्युतीकृत कृषि पंपों की खपत के बराबर या ज्यादा बिजली उत्पादित कर अतिशेष बिजली शासन को उपलब्ध कराई जाती है। इसका भुगतान संबंधित किसान या जमीन मालिक को राज्य द्वारा तय दर पर किया जाता है। पश्चिम क्षेत्र कंपनी क्षेत्र यानि मालवा निमाड़ में कुसुम ए के अंतर्गत 48 स्थानों पर 77 मैगावाट के एवं कुसुम सी में 29 स्थानों पर कुल 156 मैगावाट के सौलर संयंत्र स्थापित है। कुसुम सी अंतर्गत शासन द्वारा कुल 30 प्रतिशत सब्सिडी प्रदाय की जाती है। योजना का उद्देश्य किसानों की कृषि उत्पादन लागत घटाना, दिन में सिंचाई के लिए बिजली की पर्याप्त उपलब्धता होना है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार अप्रैल प्रथम सप्ताह की स्थिति में एक ओर जहां 77 स्थानों पर कुसुम योजना अंतर्गत विद्युत उत्पादन जारी है, वहीं 45 नए किसानों, जमीन मालिकों ने भी सौर ऊर्जा उत्पादन में रूचि दिखाते हुए प्लांट के प्रस्तावित माडल को लेकर रूचि दिखाते हुए आवेदन दिए हैं, इन पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। आगामी माहों में कुसुम अंतर्गत सौर ऊर्जा उत्पादन सौ से ज्यादा स्थानों पर होने लगेगा।

## डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को जन्मस्थली स्मारक महू में होगा विशाल समागम

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेड़कर की जयंती पर 14 अप्रैल को डॉ. अम्बेड़कर नगर महू में स्थित उनकी जन्मस्थली पर बने भव्य स्मारक में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन की व्यापक तैयारियां जारी है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज डॉ. अम्बेड़कर नगर महू पहुँचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सभी तैयारियां कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती उत्सव समारोह पूर्ण उत्साह, उमंग और आस्था के साथ इंदौर जिले के डॉ. अंबेडकर नगर (महू) में मनाया जाएगा। जयंती उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं कि मेहमानों की तरह राज्य शासन द्वारा आवभगत की जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, शीतल पेयजल आदि की विशेष व्यवस्था की जाएगी। जन्म स्थली पर बने भव्य स्मारक पर विशेष साज-सज्जा की जाएगी। फूलों और विद्युत रोशनी से सजावट होगी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज डॉ. अंबेडकर नगर (महू) पहुंच कर जयंती उत्सव में की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अंतिम रूप दिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रुपेश द्विवेदी, एसडीएम महू श्री राकेश परमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अम्बेडकर जयंती उत्सव समारोह में मध्यप्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयेंगे। श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला 12 अप्रैल की शाम से शुरू हो जाएगा। श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था स्वर्ग मंदिर परिसर में की जायेगी। यह व्यवस्था 12 अप्रैल की शाम से प्रारंभ हो जायेगी। उक्त भोजन व्यवस्था 14 अप्रैल की शाम तक जारी रहेगी। भंतो के भोजन की व्यवस्था माहेश्वरी स्कूल में की जाएगी तथा उनके रूकने की व्यवस्था भी माहेश्वरी स्कूल में रहेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पर्याप्त संख्या में अस्थाई शौचालयों का निर्माण भी किया जाएगा।

## सेंट्रल इंडिया को मिला नया स्टार्टअप बूस्ट कासलीवाल स्टार्टअप इन्क्यूबेशन फाउंडेशन ने 'सक्षमी' प्रोग्राम शुरू किया



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● सेंट्रल इंडिया में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, अरिहंत कॉलेज द्वारा समर्थित कासलीवाल स्टार्टअप इन्क्यूबेशन फाउंडेशन ने आई आई टी और आई आई एम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के 60 से अधिक मेंटर्स के साथ एम ओ यू पर साइन किए। सक्षमी एक संरचित इन्क्यूबेशन प्रोग्राम है, जो स्टार्टअप्स को आइडिया स्टेज से लेकर निवेश के लिए तैयार होने तक सहयोग प्रदान करने हेतु डिज़ाइन किया गया है। इस प्रोग्राम का मुख्य फोकस एग्री, फूड और हेल्थ टेक जैसे अनंत संभावनाओं वाले क्षेत्रों पर है। कासलीवाल स्टार्टअप इन्क्यूबेशन फाउंडेशन ने केंद्रीय स्तर पर इस प्रकार का व्यापक और संरचित कोहोर्ट-आधारित कार्यक्रम लॉन्च कर एक नई मिसाल कायम की है, जिसका उद्देश्य प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप्स को एक व्यवस्थित प्रक्रिया के माध्यम से विकसित और स्केल करना है।

## विशेष राजस्व अभियान की समय सीमा 25 अप्रैल तक बढ़ाई गई

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इन्दौर जिले के नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्याओं और प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं राजस्व अभिलेखों को अद्यतन करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण जिले में चलाये जा रहे विशेष राजस्व अभियान की अवधि को 25 अप्रैल तक बढ़ाया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में राजस्व अभियान 30 मार्च तक आयोजित होना था। कलेक्टर शिवम वर्मा ने समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाना सुनिश्चित करें। राजस्व अभियान की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत करें। प्रतिदिन की प्रगति गूगल शीट में दर्ज की जायेगी। संपूर्ण अभियान के समन्वय के लिये प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है।

## बिजली कंपनियों की तानाशाही के विरुद्ध आक्रोश, विद्युतमंडल का घेराव कर सीएम के नाम दिया ज्ञापन



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव इंदौर शहर महिला राजीव विकास केंद्र की अध्यक्ष श्रीमती रायमुनी भगत मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र की महामंत्री साधना भण्डारी के नेतृत्व में आज विद्युत मंडल पोलो ग्राउंड कार्यालय का घेराव कर हल्ला बोल पोल खोल आंदोलन कर इंदौर शहर कांग्रेस एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री के नाम एक ज्ञापन विद्युत मंडल के मुख्य अधिकारी सी जी एम श्री प्रकाश सिंह चौहान सचिव तरुण उपाध्याय को सोपा गया इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में बैनर पोस्टर लिए हुए थे। भाजपा सरकार हाय हाय विद्युत मंडल हाय हाय बिजली के बिल कम करो भ्रष्टाचार बंद करो आदि के नारे लगा रहे थे।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### युद्धविराम के बाद नया दौर, तेल, गैस और वैश्विक बाजार पर असर की भविष्यवाणी

यह बात महत्त्वपूर्ण है कि इससे पहले अमेरिका की ओर से दिए गए समझौता प्रस्ताव को ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया था। अब जिस प्रस्ताव पर युद्धविराम को लेकर सहमति बनी है, वह ईरान की ओर से पेश किया गया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच शांति की राह खुलने से एक नई उम्मीद जगी है। एक माह से अधिक समय तक वार-पलटवार के बाद आखिरकार दोनों पक्ष दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। ऐसे संकेत दिए जा रहे हैं कि शुक्रवार से पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच समझौते को लेकर वार्ता शुरू हो सकती है। इस फैसले से दुनिया के उन देशों को भी फिलहाल राहत महसूस हो रही है, जिनका इस युद्ध से सीधे तौर पर कोई संबंध नहीं हैं, लेकिन होर्मुज जलमार्ग बाधित होने से उनके यहां तेल और गैस का संकट पैदा हो गया है। युद्धविराम के एलान का तात्कालिक असर यह हुआ कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के बढ़े दामों में अठारह फीसद की गिरावट दर्ज की गई। इससे निश्चित तौर पर तेल और गैस की कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी, लेकिन सवाल है कि क्या युद्धविराम स्थायी शांति में तब्दील हो पाएगा? यह प्रश्न इसलिए अहम है, क्योंकि खबरों के मुताबिक ईरान ने अपने प्रस्ताव में जो शर्तें रखी हैं, उन पर आम सहमति कायम करना आसान नहीं होगा। गौरतलब है कि अमेरिका और इजराइल की ओर से 28 फरवरी को ईरान पर हमले के साथ ही युद्ध का बिगुल बज गया था। इसका असर सिर्फ युद्ध में शामिल पक्षों तक ही सीमित नहीं रहा। खाड़ी देशों को जहां ईरान के मिसाइल हमलों का सामना करना पड़ा, वहीं भारत समेत कई अन्य देशों में तेल एवं गैस का संकट खड़ा हो गया। ईरान ने रणनीति के तहत हार्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई। इस कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में उछाल से कई देशों में पेट्रोल-डीजल, एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतें बढ़ गईं। अब दो सप्ताह की युद्धविराम की घोषणा से कुछ राहत जरूर मिलेगी, लेकिन उसके बाद भी हालात सामान्य रह पाएंगे या नहीं, इस संबंध में अभी अनिश्चितता बरकरार है। ऐसा इसलिए, क्योंकि दोनों पक्षों की ओर से बातचीत की शर्तों को लेकर अभी कोई स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

# अकेली नहीं, आत्मनिर्भर: स्त्री स्वतंत्रता की नई कहानी

हर शाम जब वह अपने दफ़्तर से लौटकर घर का दरवाजा खोलती है, तो केवल ताला नहीं खुलता, बल्कि समाज की संदेहभरी निगाहें भी उसके साथ भीतर प्रवेश कर जाती हैं। वह शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरी एक आधुनिक महिला है, जो अपनी गाड़ी स्वयं चलाती है, किताबों में सुकून तलाशती है और अपने सपनों की दुनिया खुद गढ़ती है। लेकिन समाज की नजर में उसकी यह सफलता सम्मान का कारण नहीं बनती, बल्कि उसे 'समस्या' का रूप दे देती है।

● समाज के कटघरे में खड़ी आज़ाद स्त्री

● परंपराओं की बेड़ियों को तोड़ती आत्मसम्मान की उड़ान



भारत में आज लाखों महिलाएँ अविवाहित, तलाकशुदा या विधवा होकर आत्मसम्मान के साथ जीवन जी रही हैं, फिर भी उन्हें अधूरा मान लिया जाता है। मानो विवाह ही स्त्री के अस्तित्व की अंतिम स्वीकृति हो। यही सीमित सोच उन्हें सराहना के बजाय संदेह और सवालों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

### पितृसत्तात्मक भय

यह मानसिकता अचानक उत्पन्न नहीं हुई, बल्कि सदियों पुरानी परंपराओं की गहराइयों से निकली है। समाज ने स्त्री को सदैव किसी न किसी पुरुष की छाया में देखने की आदत बना ली है। पिता, पति और पुत्र—इन्हीं के माध्यम से उसके जीवन की पहचान तय कर दी गई। आज भी अनेक परिवार विवाह को ही स्त्री की सबसे बड़ी उपलब्धि मानते हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 (एनएफएचएस-5) के अनुसार शहरी भारत में अविवाहित महिलाओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, फिर भी सामाजिक सोच अब तक पिछड़ेपन से मुक्त नहीं हो सकी है। स्वतंत्र और आत्मनिर्भर महिला को व्यवस्था के लिए खतरा माना जाता है, क्योंकि वह पारंपरिक सत्ता संरचना को चुनौती देती है और स्थापित मान्यताओं को प्रश्नों के कटघरे में खड़ा कर देती है।

### सामाजिक दबाव

इस भय का सबसे गहरा प्रभाव महिलाओं के रोज़मर्रा के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मकान मालिक उन्हें किराए पर घर देने से हिचकिचाते हैं, पड़ोसी कानाफूसी करते हैं और रिश्तेदार बार-बार विवाह की याद दिलाकर मानसिक दबाव बढ़ाते हैं। कार्यस्थल पर भी उन्हें अलग दृष्टि से देखा जाता है, मानो उनकी योग्यता नहीं, बल्कि उनका वैवाहिक दर्जा ही उनकी पहचान हो। पुरुषों का अविवाहित रहना सामान्य माना जाता है, किंतु किसी महिला का अकेले रहना उसके चरित्र पर प्रश्नचिह्न लगा देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जहाँ अविवाहित या विधवा महिलाओं को सामाजिक बहिष्कार और उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। यह दोहरा मापदंड धीरे-धीरे महिलाओं की आत्मविश्वास और मानसिक शक्ति को कमजोर करने का माध्यम बन जाता है।

### संस्थागत असमानता

अकेली महिलाओं की कठिनाइयाँ केवल सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संस्थागत ढाँचों में भी गहराई से समाई हुई हैं। संपत्ति अधिकार, बैंक ऋण, बीमा योजनाएँ और अनेक सरकारी सुविधाएँ आज भी विवाहितों को प्राथमिकता देती हैं। व्यवस्था अब तक यही मानकर चलती है कि महिला का जीवन किसी पुरुष के सहारे ही पूर्ण होता है। जब वह अपने बल पर आगे बढ़ती है, तो उसे अपवाद की तरह देखा जाता है। यह मानसिकता वास्तव में पितृसत्ता की असुरक्षा को उजागर करती है। पुरुष-प्रधान व्यवस्था को भय है कि यदि महिलाएँ बिना किसी सहारे के सफल हो गईं, तो नियंत्रण और प्रभुत्व की दीवारें स्वतः ढह जाएँगी।

### सामाजिक विद्रोह

इसी कारण अविवाहित रहना आज केवल निजी पसंद नहीं, बल्कि एक सशक्त सामाजिक विद्रोह बन चुका है। जब कोई महिला स्पष्ट कहती है कि उसे अभी या कभी विवाह नहीं करना, तो वह परंपराओं को सीधी चुनौती देती है। वह यह सिद्ध करती है कि पहचान केवल पत्नी या माँ बनकर ही नहीं बनती। यह विद्रोह दहेज, घरेलू हिंसा और भावनात्मक शोषण जैसी कुरीतियों के विरुद्ध भी आवाज़ है। अनेक महिलाएँ अपमानजनक रिश्तों से बाहर निकलकर अकेले रहना चुनती हैं, क्योंकि उनके लिए आत्मसम्मान सबसे बड़ा मूल्य होता है। समाज इसे स्वार्थ कहता है, किंतु वास्तव में यह साहस और स्वाभिमान की घोषणा है।

### नई पहचान

पिछले कुछ वर्षों में सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। सामाजिक माध्यमों पर 'प्राउडली सिंगल' जैसी पहचान मजबूत हो रही है, जहाँ महिलाएँ अपने अनुभव निर्भीक होकर साझा कर रही हैं। अनेक शोध बताते हैं कि अकेली महिलाएँ अधिक आत्मनिर्भर और संतुलित जीवन जीती हैं। मॉर्गन स्टैनली की रिपोर्ट के अनुसार आने वाले वर्षों में बड़ी संख्या में महिलाएँ विवाह और मातृत्व को विकल्प के रूप में देखेंगी, अनिवार्यता के रूप में नहीं। यह संकेत है कि महिलाएँ अब अपने जीवन की दिशा स्वयं तय कर रही हैं।

### आत्मशक्ति

अकेली महिलाएँ अपने लिए सशक्त सामाजिक नेटवर्क बनाती हैं, मित्रता और समुदाय में सहारा खोजती हैं तथा करियर और रचनात्मकता पर ध्यान केंद्रित करती हैं। वे अकेलेपन को कमजोरी नहीं, बल्कि आत्मविकास का अवसर बनाती हैं। उनका जीवन यह प्रमाणित करता है कि खुशी का स्रोत केवल रिश्तों में नहीं, बल्कि आत्मस्वीकृति और आत्मसम्मान में भी निहित है। जब वे आलोचनाओं के बावजूद आगे बढ़ती हैं, तो अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनती हैं। यही कारण है कि पितृसत्ता उनसे डरती है, क्योंकि उनका साहस बदलाव की चिंगारी बन सकता है।

### नई दिशा

अकेली महिलाएँ समाज के भय और पूर्वाग्रहों से संघर्ष करते हुए स्वतंत्रता की एक नई परिभाषा गढ़ रही हैं। वे स्पष्ट रूप से यह संदेश दे रही हैं कि पूर्णता किसी वैवाहिक स्थिति में नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और स्वतंत्र सोच में निहित है। उनका जीवन यह प्रमाणित करता है कि स्त्री किसी सहारे की मोहताज नहीं, बल्कि स्वयं अपनी सबसे बड़ी शक्ति है। यह संघर्ष केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक चेतना और परिवर्तन का प्रतीक है। आने वाला समय यह तय करेगा कि समाज इस बदलाव को कितनी शीघ्रता से स्वीकार करता है, किंतु इतना निश्चित है कि महिलाएँ अब पीछे लौटने वाली नहीं हैं। वे अकेली नहीं, बल्कि स्वतंत्र हैं—और यही उनकी सबसे बड़ी विजय और पहचान है।

**कृति आरके जैन**
बी-87, महावीर नगर,
बड़वानी (मप्र)

## आंचलिक

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर फायरिंग, 10 करोड़ रंगदारी केस में 6 और गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● भीलगांव में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर फायरिंग और 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने 6 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस केस में राजपाल सहित 12 आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके थे। अब कुल गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। वहीं मुख्य आरोपी हैरी बॉक्सर अभी फरार है, जिसकी लोकेशन अमेरिका में मिली है। एएसपी शकुंतला रूहल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रेकी करने, फरियादी के घर फायरिंग करवाने, संसाधन उपलब्ध कराने और आरोपियों को सहायता देने में शामिल थे। पुलिस रिमांड में आरोपी राजपाल चंद्रावत से पिस्टल, कारतूस (बुलेट) और स्कॉर्पियो वाहन जब्त किया गया है। वहीं आरोपी जावेद से शूटरों को हुंडई एक्सेंट कार के जरिए राहुल बाबा से पिस्टल उपलब्ध कराने के मामले में साक्ष्य जब्त किए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में संगठित अपराध की धारा 111(3)(4) और आरोपी को संरक्षण देने की धारा 249 बीएनएस के तहत कार्रवाई बढ़ाई है। देवास के जावेद पर 10 और राजा खान पर 15 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। भीलगांव में 16 मार्च की रात घर पर फायरिंग की घटना हुई थी। इसकी सूचना अगले दिन फरियादी सत्येंद्र राठौड़ निवासी भीलगांव ने कसरावद थाने में दी थी। उन्होंने बताया कि उनके और उनके पिता दिलीप राठौड़ के व्हाट्सएप पर एक इंटरनेशनल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को हैरी बॉक्सर बताते हुए कहा कि वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग से बोल रहा है। उसने फायरिंग की जिम्मेदारी लेते हुए 10 करोड़ रुपए की मांग की और धमकी दी कि पैसा नहीं देने पर उन्हें और उनके पिता को जान से मार दिया जाएगा। आरोपी ने फायरिंग का वीडियो भेजने का भी दावा किया और चेतावनी दी कि रकम नहीं मिलने पर अगली बार घर पर हथगोला फेंका जाएगा। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है और फरार मुख्य आरोपी की तलाश जारी है।

### बिंजलवाड़ा परियोजना टेस्टिंग में पाइपलाइन फूटी: 50 फीट ऊपर फव्वारा उछला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● 750 करोड़ रुपए की बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजना में देरी को लेकर भीकनगांव में भारतीय किसान संघ का धरना जारी है। इसी बीच बुधवार सुबह परियोजना की टेस्टिंग के दौरान पाइपलाइन फट गई, जिससे खेतों में लगभग 50 फीट ऊंचा फव्वारा छूट गया और कई जगह पानी भर गया। यह घटना तब हुई जब पाइपलाइन दबाव नहीं झेल पाई। परियोजना की 9 किलोमीटर लंबी मेनलाइन में से अभी तक केवल 3 किलोमीटर तक ही खेतों में पानी पहुंच पाया है, जो परियोजना की धीमी प्रगति को दर्शाता है। भारतीय किसान संघ 'डेरा डालो घेरा डालो' आंदोलन के तहत तीन दिनों से धरना दे रहा है। इस दौरान एनवीडीए के कार्यपालन यंत्री एमके सिंह और जीबीपीआर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर रघु कुर्मिला ने किसानों को जल्द काम पूरा करने का आश्वासन दिया है। हालांकि, किसान संघ के प्रतिनिधि काम की गुणवत्ता और धीमी गति पर सवाल उठा रहे हैं।

### वन विभाग ने 11 सागवान लट्ठे जब्त किए, गोंद गोदामों की जांच के दौरान मिली लकड़ी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● खकनार रेंज में वन विभाग ने अवैध रूप से संग्रहित 11 सागवान के लट्ठे जब्त किए हैं। ये लट्ठे पांगरी गांव में गोंद व्यापारी रिबेल सिंह के घर के पीछे से बरामद किए गए, जिनका कुल घन मीटर 1.002 पाया गया। यह कार्रवाई वन मंडल अधिकारी विद्या भूषण सिंह के निर्देश और उप वन मंडल अधिकारी अजय सागर के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी रितेश उईके तथा उनके स्टाफ द्वारा की गई। वन विभाग की यह लगातार तीसरे दिन की बड़ी कार्रवाई है। दरअसल, हाल ही में खंडवा सीसीएफ बासु कनौजिया की टीम ने बुरहानपुर जिले के ग्राम बोरी में एक गोदाम से 780 क्विंटल अवैध गोंद बरामद किया था। इस कार्रवाई के बाद से बुरहानपुर जिले का वन विभाग भी सक्रिय हो गया है।



तीन दिन पहले खकनार रेंज में एक पिकअप वाहन पकड़ा गया था। इसके अगले दिन बारकोट क्षेत्र से गोंद से भरी आठ बोरियां बरामद की गईं। अब इसी कड़ी में 11 सागवान के लट्ठे जब्त किए गए हैं। खंडवा सीसीएफ की कार्रवाई के बाद से वन विभाग की टीम लगातार गोदामों की जांच कर रही है, ताकि अवैध रूप से संग्रहित गोंद का पता लगाया जा सके। इसी जांच के दौरान टीम को अवैध लकड़ी मिली। खकनार रेंजर रितेश उईके ने बताया कि तीन दिन पहले पकड़े गए पिकअप वाहन के आरोपियों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और गोदामों की जांच जारी है।

### अवैध रेत-गिट्टी परिवहन करते 4 ट्रैक्टर जब्त, भोइंदा में खनिज विभाग की दबिश

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● जिले के नर्मदा क्षेत्र स्थित भोइंदा में बुधवार को अवैध रेत और गिट्टी का परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टर जब्त किए गए। इनमें तीन ट्रैक्टर बालू रेत से भरे थे, जबकि एक में गिट्टी थी। खनिज विभाग ने इन वाहनों को खलटाका चौकी पुलिस की अभिरक्षा में रखा है।

एक सप्ताह के भीतर खनिज विभाग की यह क्षेत्र में दूसरी बड़ी कार्रवाई है। चार दिन पहले भी इसी क्षेत्र से एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर को जब्त कर पुलिस को सौंपा गया था। विभाग ने नर्मदा क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने का दावा किया है।

खनिज निरीक्षक प्रियंका अजनार ने बताया कि अवैध खनन व परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और यह एक सतत अभियान का हिस्सा है। विभाग को नर्मदा क्षेत्र के भोइंदा के अलावा कठोरा और अकबरपुरा जैसे स्थानों पर बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इन्हीं शिकायतों के आधार पर खनिज विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

### शव वाहन के लिए नया टोल फ्री नंबर: 108 की जगह अब 155334 पर कॉल करने से आएगी गाड़ी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● सरकारी अस्पतालों में अब शव वाहन के लिए परिजनों को भटकना नहीं पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए एक नया टोल फ्री नंबर 155334 जारी किया है। इस नंबर पर कॉल करने पर तत्काल शव वाहन उपलब्ध कराया जाएगा। पहले शव वाहन के लिए 108 नंबर पर कॉल करना पड़ता था, जिसमें अक्सर वेटिंग और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता था। नवंबर-दिसंबर माह में बुरहानपुर जिले को एक शव वाहन मिला था, लेकिन इसकी सेवा 108 के माध्यम से ही मिल रही थी। इन परेशानियों को देखते हुए विभाग ने नया नंबर जारी किया है। 108 के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंकित नागर ने बताया कि सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मृत्यु होने पर परिजनों को शव वाहन के लिए अब भटकना या लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। लोक स्वास्थ्य चिकित्सा विभाग ने मृतक के शव को सम्मानपूर्वक घर तक पहुंचाने के लिए शव वाहनों की व्यवस्था पहले ही की थी, जिसके लिए अब यह टोल फ्री नंबर 155334 जारी किया गया है। नागर ने स्पष्ट किया कि यह निशुल्क सरकारी शव वाहन सेवा उन मरीजों के लिए है जिनकी मृत्यु शासकीय मेडिकल कॉलेज से संबंधित अस्पतालों, जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या किसी अन्य सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान हुई हो।

### ओंकारेश्वर में संत की समाधि से शव निकालने की मांग, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● ओंकारेश्वर में उदासीन अखाड़े से जुड़े संत ब्रजराज पुरी महाराज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला विवादों में घिर गया है। आश्रम के लोगों द्वारा हार्ट अटैक से मौत बताने और जल्दबाजी में समाधि दिए जाने के बाद खाचरोद से आए महंत, संत समाज, हिंदू महासभा और भतीजे ने 73 एकड़ जमीन के विवाद और गायब आभूषणों के चलते हत्या की आशंका जताते हुए शव को समाधि से निकालकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। वर्तमान में हिंदू महासभा के आवेदन पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मामले की जांच के निर्देश पुलिस अधीक्षक को दिए हैं, जबकि मांधाता थाना पुलिस ने नजदीकी परिजनों की शिकायत न होने का हवाला देकर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।



संत के निधन के बाद आश्रम से जुड़े लोगों द्वारा हार्ट अटैक से मौत की जानकारी दी गई थी। वहीं, खाचरोद से आए उदासीन अखाड़े के महंत ओंकारदास उदासीन का कहना है कि उन्हें फांसी लगाने की सूचना दी गई थी। महंत ने बताया कि उनके ओंकारेश्वर पहुंचने से पहले ही दोपहर में संत को जल्दबाजी में समाधि दे दी गई, जबकि परंपरा के अनुसार दूर-दराज से संतों के आने का इंतजार किया जाता है। महंत ओंकारदास ने आरोप लगाया कि संत के गले में पहनी सोने की चेन, रुद्राक्ष माला, मोबाइल और नकदी भी मौके पर नहीं मिली। उन्होंने मांधाता थाने में आवेदन देकर शव को समाधि से निकालकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। संत के भतीजे संदीप रघुवंशी (निवासी धार) ने भी पुलिस को आवेदन सौंपते हुए कई गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि आश्रम में मौजूद राहुल महाराज ने हार्ट अटैक से मौत की बात कही, लेकिन बाबा के सामान के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। भतीजे का दावा है कि आश्रम में मौजूद राहुल महाराज के शरीर पर चोट के निशान भी दिखाई दिए हैं, जिससे हत्या का संदेह और गहरा गया है।

### हरियाणा के तस्कर ने खंडवा लाकर बेची तलवार पुलिस ने कब्जे से 29 तलवारें बरामद की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● अवैध हथियारों के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की हैं। हरियाणा के एक युवक को 29 धारदार तलवारों के साथ गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी ट्रेन से बोरियों में तलवारें भरकर शहर लाता था और यहां अलग-अलग संवेदनशील इलाकों में सप्लाई करता था। आरोपी ने किन लोगों को तलवारें बेची हैं, इस संबंध में सीडीआर निकाली जा रही हैं। एडिशनल एसपी महेंद्र तारणेकर ने बताया कि, थाना प्रभारी कोतवाली प्रवीण आर्य को 7 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बमनगांव रोड स्थित पुलिया के पास रेलवे आउटर क्षेत्र में तलवारें बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम प्रदीप (30 वर्ष), निवासी कैथल, हरियाणा बताया।

# जनता पर एक और भार : पैकेजिंग लागत में अचानक वृद्धि

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● पैकेजिंग लागत में भारी वृद्धि और अस्थिरता से उपभोक्ताओं पर असर पड़ना शुरू हो गया है। बढ़ते इनपुट खर्चों के कारण किराने के सामान से लेकर डायपर तक, रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं, जिससे वित्तीय वर्ष की शुरुआत में सभी उद्योगों के ऑर्डर बुकिंग में बाधा आ रही है।

ऐसे समय में जब कंपनियां आमतौर पर पूरे वर्ष के लिए थोक अनुबंध करती हैं, कागज और प्लास्टिक पैकेजिंग की कीमतों में अनिश्चितता ने उद्योगों को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया है। यह हिचकिचाहट व्यापार की गति को धीमा कर रही है और उत्पादन नियोजन में देरी कर रही है, खासकर FMCG, फार्मास्यूटिकल्स और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में जहां पैकेजिंग एक महत्वपूर्ण लागत घटक है।

'अप्रैल से, कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण हमें डायपर की कीमतों में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि करनी पड़ी है। कुल मिलाकर कच्चे माल की लागत में कम से कम 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण आयातित कच्चा माल है,' पीथमपुर के



एक डायपर निर्माता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा।

उद्योग के अनुमानों के अनुसार, कागज की पैकेजिंग की लागत में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि प्लास्टिक पैकेजिंग में 40 से 50 प्रतिशत की कहीं अधिक तीव्र वृद्धि देखी गई है। इस असंतुलन के कारण कंपनियों को लगातार कीमतों में बदलाव करना पड़ रहा है, और अक्सर वे बढ़ी हुई लागत को छोटे-छोटे लेकिन बार-बार होने वाले बढ़ोतरी के रूप में उपभोक्ताओं पर डाल रही हैं।

उपभोक्ताओं के लिए, आवश्यक वस्तुओं पर इसका असर पहले से ही दिखाई दे रहा है। पैकेजिंग लागत में मामूली वृद्धि भी खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी का कारण बन रही है, खासकर रोजमर्रा के इस्तेमाल की वस्तुओं में। पालदा औद्योगिक क्षेत्र के गेहूं प्रसंस्करणकर्ता अमित अग्रवाल ने कहा, 'गेहूं के आटे की कीमत में लगभग 1 से 1.5 रुपये प्रति किलो की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण पैकेजिंग लागत में वृद्धि है। पहले हम इसे लगभग 35 रुपये प्रति किलो बेचते थे, जो अब बढ़कर लगभग 36 रुपये हो गया है। 'उन्होंने आगे कहा, 'प्लास्टिक पैकेजिंग की लागत में कम से कम 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पुराने स्टॉक के कारण अभी भी काम चल रहा है, लेकिन नई खरीद से इनपुट लागत और बढ़ जाएगी। 'इस अस्थिरता ने उद्योगों के इन्वेंट्री प्रबंधन और दीर्घकालिक सौदों पर हस्ताक्षर करने के तरीके को भी बदल दिया है। पीथमपुर के उद्योगपति राजेश मित्तल ने कहा, 'इन बढ़ी हुई कीमतों पर मांग धीमी हो गई है और अधिकांश कंपनियां प्रतीक्षा करो और देखो की स्थिति में हैं। दीर्घकालिक अनुबंधों को अंतिम रूप देना बहुत मुश्किल हो गया है क्योंकि कोई भी निश्चित नहीं है कि पैकेजिंग लागत कहां स्थिर होगी। 'वित्तीय वर्ष की शुरुआत में स्टॉक जमा करने के बजाय, कई इकाइयां अब न्यूनतम इन्वेंट्री पर काम कर रही हैं और बढ़ती लागत के बावजूद कम मात्रा में पैकेजिंग सामग्री खरीद रही हैं, ताकि आगे के जोखिम से बचा जा सके।

मध्य प्रदेश कोरुगेटेड बॉक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने कहा, 'पैकेजिंग की लागत में उतार-चढ़ाव के कारण उद्योग इन्वेंट्री नहीं रख रहे हैं और न्यूनतम स्टॉक पर काम कर रहे हैं। इससे उत्पादन योजना और ऑर्डर प्रतिबद्धताओं पर असर पड़ रहा है।' इस एसोसिएशन में 115 से अधिक सदस्य हैं।

# खरमास खत्म होते ही खुलेगा शुभ कार्यों का द्वार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● हिंदू पंचांग अनुसार वैशाख का महीना शुभ कार्यों के लिहाज से बहुत खास है। इस महीने की शुरुआत में भले ही मांगलिक कार्यों पर रोक रहेगी, लेकिन 15 अप्रैल से शादी-ब्याह जैसे कार्यक्रमों की शुरूआत हो जाएगी। अप्रैल के मध्य तक सूर्य मीन राशि में रहने से खरमास रहता है। इस दौरान शादी, गृह प्रवेश या मुंडन जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। लेकिन 14 अप्रैल को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करते ही यह अवधि समाप्त जाएगी। इसके बाद 15 अप्रैल से सभी मांगलिक कार्य दोबारा शुरू हो जाएंगे।

खरमास 14 अप्रैल को समाप्त हो रहा है, जिसके साथ ही 15 अप्रैल से विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन और नए व्यवसाय जैसी मांगलिक गतिविधियां फिर से शुरू हो जाएंगी। इस एक महीने की अवधि (15 मार्च - 14 अप्रैल) में सूर्य के मीन राशि में होने के कारण शुभ कार्यों पर रोक थी, जो अब मेष संक्रांति के साथ खत्म हो जाएगी।



## अप्रैल 2026 विवाह मुहूर्त

- 15 अप्रैल 2026 बुधवार को दोपहर 3 बजे से रात 10 :30 बजे तक का समय बेहद शुभ।
- 20 अप्रैल 2026 सोमवार को रोहिणी नक्षत्र में सुबह 4 :30 बजे से 7 :20 तक विवाह के लिए अनुकूल मुहूर्त है।
- 21 अप्रैल 2026 मंगलवार को मृगशिरा नक्षत्र में सुबह से शाम तक अच्छा समय।
- 25 अप्रैल 2026 शनिवार इस दिन भी विवाह करना शुभ रहेगा।
- 26 अप्रैल 2026 रविवार को मघा नक्षत्र में सुबह से रात 8 बजे तक।
- 27 अप्रैल 2026 सोमवार को उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र में रात 9 बजे से 10 बजे तक का शुभ मुहूत।
- 28 अप्रैल 2026 मंगलवार को पूरे दिन विवाह के लिए समय सही है।

# रिटायर्ड आईएएस मोहम्मद सुलेमान की दो माह की सजा पर रोक, कोर्ट की अवमानना का मामला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● रिटायर्ड आईएएस मोहम्मद सुलेमान को राहत मिल गई है। दो माह की सजा पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। यह मामला कोर्ट की अवमानना से जुड़ा है। हाईकोर्ट इंदौर डबल बेंच से उन्हें बुधवार को राहत मिली। इसके पहले सिंगल बेंच ने दो माह के कारावास की सजा सुनाई थी। अब उस आदेश पर स्टे मिल गया है।

अवमानना याचिका पर मार्च माह में सिंगल बेंच ने सजा का फैसला सुनाया था। तत्कालीन एसीएस हैल्थ सुलेमान के साथ हैल्थ कमिशर व आईएएस तरुण राठी को भी सजा सुनाई गई। इसके साथ ही संयुक्त संचालक डीके तिवारी और मंदसौर सीएमएचओ गोविंद चौहान को भी सजा सुनाई गई थी। सुलेमान की ओर से वकीलों ने पक्ष रखा। वरिष्ठ



अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलील दी। साथ ही अधिवक्ता अंशुमन श्रीवास्तव ने भी पक्ष रखा। बताया गया कि उन्हें इस मामले में अधिकारियों ने कभी भी जानकारी नहीं दी, ना ही याचिकाकर्ता ने कोई प्रेंजेंटेशन दिया। स्थानीय स्तर पर ही कार्रवाई की गई थी। उच्च स्तर पर सूचना नहीं पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि कोर्ट का फरवरी 2026 का आदेश भी नहीं मिला। क्योकिं वह अगस्त 2025 में रिटायर हो गए थे। सजा के बाद खबरों से जानकारी मिली। दलील सुनने के बाद डबल बेंच ने राहत दी। दो माह की सजा के आदेश पर रोक लगा दी।

याचिकाकर्ता अशोक कुमार पेडियार की याचिका थी। जस्टिस प्रणय वर्मा ने सजा सुनाई थी। आदेश में कहा गया था आदेश का पालन नहीं हुआ जबकि याचिका 22वीं बार सूचीबद्ध हुई थी। इसमें 6 फरवरी को अनिवार्य आदेश दिया गया था। फिर भी आदेश का पालन नहीं किया गया। इसलिए सभी को दोषी ठहराया गया और सभी पक्षकारों को दो माह की सजा मिली। सजा साधारण कारावास की थी। हालांकि सजा को तीन सप्ताह के लिए स्थगित किया गया था।


# इंदौर में जमीन के खेल की फाइल ही गायब

## सस्पेंड पटवारी बिना मंजूरी कर चुका विदेश यात्राएं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में जमीन नामांतरण घोटाले में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच के बाद पटवारी सस्पेंड हुआ, लेकिन मामले की फाइल ही गायब हो गई। बिना मंजूरी पटवारी विदेश यात्राएं कर रहा है। इंदौर की तहसीलों में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हो रही है। भ्रष्ट अधिकारी और दलालों का गठजोड़ बन चुका है। तहसीलदार लंबे समय से एक ही जगह जमे हैं। राजस्व निरीक्षक और पटवारी भी वर्षों से जमे हैं। अब भ्रष्ट पटवारी बिना मंजूरी विदेश जा रहे हैं।

यह मामला खुड़ैल तहसील के ग्राम भिंगारिया से सामने आया है। यह 18 हेक्टेयर जमीन के नामांतरण से जुड़ा है। इस मामले में संजीव कानूनगो और सुरेशचंद्र कानूनगो ने शिकायत की थी। असली वारिसों को नामांतरण में शामिल नहीं किया गया था। रामकुंवर बाई के



असली वारिसों को बाहर रखा गया था। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने मामले की जांच कराई थी। वहीं, इसकी जांच एडीएम रोशन राय ने की थी। इसके बाद, उनकी रिपोर्ट पर कलेक्टर ने पटवारी रोहित तिवारी और बाबू मीना यादव को निलंबित किया था। साथ ही, नायब तहसीलदार दयाराम निगम को नोटिस दिया गया था। वहीं फाइल का कोई रिकॉर्ड अब नहीं मिल रहा है। सिर्फ आदेश की कॉपी अभी मौजूद है। निगम ने इस कोर्ट आदेश पर हस्ताक्षर से इनकार कर दिया है। वहीं पटवारी ने आदेश के आधार पर जमीन के रिकॉर्ड में बदलाव करने की बात कही है। रिकॉर्ड बदलकर जमीन दूसरे के नाम कर दी गई है। रोहित तिवारी 2017 में चयनित हुआ था। उसे खुड़ैल का सबसे रसूखदार पटवारी माना जाता है। उसके खिलाफ कई शिकायतें पहले भी हुई थीं। इसके बाद भी लंबे समय तक कार्रवाई नहीं हुई। वह कई बार विदेश यात्राएं कर चुका है। वह कई बार बैंकॉक भी जा चुका है। इन यात्राओं की मंजूरी नहीं ली गई थी। आखिरकार कलेक्टर आईएएस शिवम वर्मा ने शिकायत पर कार्रवाई की है।

## रियल टाइम ट्रैफिक ट्रैकिंग सिस्टम द्वारा होगा स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट

# शहर में कहां लगा जाम, बताएगा गूगल मैप

### यातायात दबाव क्षेत्र चिन्हित कर पेट्रोलिंग टीमें करेगी नियमित भ्रमण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को अधिक सुचारू सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तथा एडि. कमिश्नर आरके सिंह एवं डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीकों का लगातार उपयोग भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब रियल टाइम ट्रैफिक ट्रैकिंग सिस्टम का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है, जिसके माध्यम से शहर के विभिन्न मार्गों पर ट्रैफिक की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा रहा है। रियल टाइम ट्रैफिक ट्रैकिंग सिस्टम एक डिजिटल प्लेटफार्म है, जो मोबाइल लोकेशन डेटा एवं जीपीएस तकनीक के माध्यम से सडक़ों



पर चल रहे वाहनों की गति एवं घनत्व का विश्लेषण करता है। इसके आधार पर संबंधित मार्गों की स्थिति को रंगों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है।

**ट्रैफिक संकेतों का अर्थ:** यदि मेप पर हरा रंग दिख रहा है, यानी इस मार्ग पर यातायात सामान्य एवं सुचारू रूप से संचालित है। पीला रंग दिखने का अर्थ है कि ट्रैफिक धीमी गति से चलरहा है। वहीं मेप पर लालरंग नजर आने का मतलब ट्रैफिक का अत्यधिक दबाव और ट्रैफिक जाम की स्थिति है।

**वाहन चालकों को लाभ**-रियल टाइम ट्रैफिक ट्रेकिंग सिस्टम से वाहन चालकों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की तुरंत पहचान संभव रहेगी। साथ ही संकेत मिलते ही ट्रैफिक पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें मौके पर त्वरित पहुंचकर ट्रैफिक डायवर्शन एवं मैन्युअल नियंत्रण समय रहते किया जा सकेगा। वहीं आकस्मिक परिस्थितियों (दुर्घटना, वाहन खराब) की स्थिति क्विक रिस्पांस मिल सकेगा। ट्रैफिक पुलिस द्वारा इस तकनीक का उपयोग कर शहर में स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। जिससे लोगों को राहत मिल रही है।

# बेसमेंट की पार्किंग में चलाई जा रही थी प्रिंटिंग प्रेस

### प्रशासन ने कराया सील, रहवासियों के लिए खतरनाक बन गया था

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● रहवासी क्षेत्र में पार्किंग की जगह व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वालों पर प्रशासन का डंडा चल पड़ा है। 15 दिन की मोहलत खत्म होने के बाद प्रशासन और निगम का अमला जी प्लस 3 बिल्डिंगों की जांच जहां फायर सेफ्टी के लिए कर रहा है, वहीं शहर के यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले इस तरह के प्रकरण भी सामने आ रहे हैं। रामबाग स्थित 31/2 गणेश कॉलोनी, तहसील मल्हारगंज के तपस्या अपार्टमेंट में बेसमेंट पार्किंग में अवैध रूप से कमर्शियल उपयोग में लिया जा रहा था। यहां सुलभा पति रवींद्र खांडेकर द्वारा संचालित सौम्या एंटरप्राइजेज नामक प्रिंटिंग प्रेस चल रही थी। रहवासी क्षेत्र में पार्किंग समाप्त कर व्यवसायिक गतिविधि शुरू किए जाने की शिकायत पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए कार्रवाई की।

नायब तहसीलदार ओमकार मानागरे, आरआई, पटवारी की राजस्व टीम ने नगर निगम अमले के साथ मौके पर पहुंचकर बेसमेंट में चल रही गतिविधि की जांच की। जांच में पाया गया कि भवन मानचित्र में स्वीकृत पार्किंग स्थान पर मशीनें लगाई गई थीं और बेसमेंट में कमर्शियल गतिविधि संचालित हो रही थीं। टीम ने तत्काल प्रभाव से प्रिंटिंग प्रेस को सील कर दिया।

**प्रशासन का अभियान तेज**-प्रिंटिंग प्रेस में कई तरह के ज्वलनशील केमिकल का भी उपयोग हो रहा था, जिससे अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों के लिए कभी-भी घातक साबित हो सकता था । प्रशासन का कहना है कि पार्किंग क्षेत्र को व्यावसायिक उपयोग में बदलने से अपार्टमेंट के रहवासियों को असुविधा के साथ सारे वहां सडक़ो पर पार्क होते है, वहीं आगजनी या आपदा के समय बड़ा जोखिम भी रहता है। इसी कारण ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम अब अवैध उपयोग और मानचित्र उल्लंघन के तहत दंडात्मक कार्रवाई करेगा। बता दें कि मल्हारगंज क्षेत्र के साथ ही जूनी इंदौर में भी 15 दिन की नोटिस अवधि पूरी हो चुकी है, जिसके बाद प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है।

## माध्यमिक शिक्षा मडल ने छात्रों का भविष्य खुशहाल बनाने किया बदलाव

# पूरक व्यवस्था समाप्त, अब सभी विषयों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी भी बैठेंगे परीक्षा में

### अभी तक दसवीं में दो जबकि बारहवीं में एक विषय में अनुत्तीर्ण होना ही माना जाता था पूरक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● माध्यमिक शिक्षा मंडल ने विद्यार्थियों का भविष्य खुशहाल बनाने के लिए नये अवसर तलाशे हैं। अभी तक एक और दो विषयों में फेल छात्र परीक्षा में बैठ पाते थे। अब सभी विषयों में अनुत्तीर्ण को भी मौका मिलेगा। मई मे होने जा रही द्वितीय परीक्षा से पूरक व्यवस्था समाप्त की गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा द्वितीय अवसर की परीक्षा 7 मई से आयोजित की जा रही है। मंडल के सचिव बुद्धेश वैध ने बताया कि पूर्व में आयोजित की जा रही पूरक परीक्षाओं की व्यवस्था अब माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा समाप्त की गई है। पूर्व में हाईस्कूल में अधिकतम दो विषयों तथा हायर सेकण्डरी में एक विषय में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी ही पूरक परीक्षा में सम्मिलित सम्मिलित हो हो पाते थे। द्वितीय परीक्षा में सभी विषयों में अनुत्तीर्ण अथवा उत्तीर्ण परीक्षार्थी किसी भी विषय में बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए भी सम्मिलित हो सकेंगे। द्वितीय परीक्षा में परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण विषयों में सम्मिलित होना आवश्यक है। परंतु जिन विषयों में वे उत्तीर्ण हो चुके है। उनमें सम्मिलित होना स्वैच्छिक है। द्वितीय परीक्षा की अंकसूची मुख्य परीक्षा की भांति जारी की जाएगी।

**सात दिवस की अवधि में करना होगा आवेदन**-मंडल सचिव के अनुसार मुख्य परीक्षा एवं द्वितीय परीक्षा में जो भी बेहतर परीक्षा परिणाम होगा, उसकी अंकसूची जारी की जाएगी। वर्ष 2026 की हायर सेकण्डरी द्वितीय परीक्षा 07 से 25 मई तक तथा




हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा 07 से 19 मई के मध्य आयोजित कीजाएगी। द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा का परीक्षाफल घोषित होने की दिनाक से सात दिवस की अवधि में एमपी ऑनलाईन कियोस्क के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र एवं निर्धारित शुल्क जमा कर, परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

**अंतिम दौर में मूल्यांकन, मंडल ने रिजल्ट कंप्लीट करने की तैयारी**-दूसरी परीक्षा को लेकर चिंतित माध्यमिक शिक्षा मंडल ने अब रिजल्ट तैयारी पर फोकस किया है। कारण है कि तीसरे चरण का मूल्यांकन अब अंतिम दौर में है कक्षा-विषय और श्रेणीवार परीक्षा परिणाम कंप्लीट करने की दिशा में बोर्ड की परीक्षा समिति ने काम प्रारंभ कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि हमारा लक्ष्य अप्रैल में ही रिजल्ट निकलने का है। इस कारण कोशिश यही हो रही है कि समय पर यह काम कंप्लीट हो। अधिकारियों ने दावा किया है कि अब बामुश्किल एक सप्ताह का ही मूल्यांकन बचा हुआ है। मंडल अधिकारियों के अनुसार रिजल्ट तैयार करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। कारण है कि पहले से ही पूरा ऑनलाइन सिस्टम तैयार है। जितना मूल्यांकन हुआ उसकी अंकवार प्रविष्टि पहले से ही सिस्टम में दर्ज हो रही है। इस कारण काम को लेकर तनाव की जरूरत नहीं है। सिर्फ विषय और श्रेणीवार काम होना है कि किसी विद्यार्थी के कितने अंक हैं। इस कैलकुलेशन में एक सप्ताह का समय लग सकता है। जिस पर भी मूल्यांकन कंप्लीट होने के उपरांत काम शुरू कर दिया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल में अधिकारियों का कहना है कि प्रतिदिन इस काम की निगरानी की जा रही है हर जिला स्तर पर जहां समन्वय संस्थानों में मूल्यांकन कराया जा रहा है वहां पूरी सीसीटीवी कनेक्टिविटी की गई है। पोर्टल से भी हर संस्थान जुड़े हुए हैं। इसलिए बोर्ड मुख्यालय भी इन पूरी गतिविधियों को देख रहा है। मंडल में अधिकारियों का कहना है कि सब कुछ ठीक रहा तो अप्रैल के तीसरे सप्ताह में परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सकता है।

### दूसरी परीक्षा की तैयारी में जुटे अफसर

रिजल्ट और मूल्यांकन कंप्लीट करने के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल दूसरी परीक्षा को लेकर चिंतित दिख रहा है। मई महीने में दूसरी परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। अब सिर्फ अधिकारियों को रिजल्ट निकलने की प्रतीक्षा है। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित होगा। उसके तत्काल बाद द्वितीय परीक्षा के आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू होगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल का कहना है कि परीक्षा परिणाम घोषित होने के तत्काल बाद यह काम होगा। एक सप्ताह में ही आवेदन कराए जाएंगे। यह प्रक्रिया इसलिए भी सरल है क्योंकि परीक्षा में जो बच्चे अनुत्तीर्ण है। पूरक की पात्रता लेकर आए या कम अंक हासिल हुए हैं उन्हीं को परीक्षा में बैठना है। इसलिए ज्यादा दिक्कत की कोई बात नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।